वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
झारखण्ड सरकार

Phone no. 06524-223003 (office)
e-mail :-Forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
e-mail :- dfogumla@yahoo.in
8987790115 Mob.(O) 9031137615 Mob.(P)

# कार्यालयः– वन संरक्षक, गुमला वन प्रमण्डल, गुमला।

पत्रांक 205 / दिनांक 17/01/18 /

सेवा में,

श्री राकेश कुमार,
प्रबंधक निर्माण,
गेल इण्डिया लिमिटेड, डोरण्डा, राँची।

विषय :– फुलपुर(ऊ0प्र0) से हल्दिया (पं0 बंगाल)/घमरा(उड़ीसा) तक गैस पाईप लाईन के संबंध में।

प्रसंग :– इस कार्यालय का पत्रांक 158 दिनांक 13.01.2018 (छाया प्रति संलग्न)

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के द्वारा फूलपुर(ऊ0प्र0) से हल्दिया (पं0 बंगाल)/घमरा(उड़ीसा) तक गैस पाईप लाईन निर्माण के क्रम में गुमला वन प्रमंडल के तहत सम्मिलित वन भूमि एंव जंगल झाड़ी भूमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत अपयोजन हेतु 07 हॉर्ड कॉपी में समर्पित प्रस्ताव में पायी गई त्रुटियाँ निराकरण की माँग की गई थी जो अभी तक इस कार्यालय को अप्राप्त है। इस कार्यालय के पत्रांक 1000 दिनांक 18.04.2017 (छाया प्रति संलग्न) से आपको वन भूमि एवं संभावित जंगल झाड़ी भूमि का विवरण उपलब्ध कराया गया है जिसका कूल रकबा 1.87 हे0 होता है जबकि आपके द्वारा समर्पित वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव में मात्र 0.62 हे0 भूमि का वर्णन है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित त्रुटियों को शीघ्र निराकरण करते हुए वांछित अभिलेख इस कार्यालय को उपलब्ध कराये ताकि आपके द्वारा समर्पित वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव पर शीघ्र कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

वन संरक्षक
गुमला वन प्रमंडल, गुमला।

d/abhay/amin/apyojan

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
झारखण्ड सरकार
Phone no. 06524-223003 (office)
e-mail :- dfogumla@yahoo.in 9470193849 (Mob.)
8987790115 (Mob.)

# कार्यालयः— वन संरक्षक, गुमला वन प्रमण्डल, गुमला।

पत्रांक 158 / दिनांक 13/01/2018

सेवा में,

श्री राकेश कुमार,
प्रबंधक (निर्माण)
गेल (इण्डिया) लिमिटे, डोरण्डा
रॉची।

विषयः— फुलपुर (उ0प्र0) से हल्दिया (प0 बंगाल/धमरा (उड़ीसा) तक गैस पाईप लाईन के संबध में।

प्रसंग :— आपका पत्रांक – GAIL/RANCHI/JHBDPL/GUMLA/forest/2017/11 दिनांक 26.12.2017

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा फुलपुर (उ0प्र0) से हल्दिया (प0 बंगाल/धमरा (उड़ीसा) तक गैस पाईप लाईन निर्माण के क्रम में गुमला वन प्रमण्डल के तहत सम्मिलित वन भूमि एवं जंगल झाड़ी दर्ज भूमि का वन संरक्षण 1980 के तहत अपयोजन हेतु प्रस्ताव 07 हार्ड कॉपी में समर्पित किया गया है जिसका प्राप्ति रसीद आपके प्रतिनिधि के द्वारा इस कार्यालय से दिनांक 08.01.2018 को प्राप्त किया गया है। अब तक online पटल पर आपके द्वारा समर्पित प्रस्ताव प्रदर्शित नहीं हो रहा है। फलस्वरूप आपके प्रस्ताव पर ऑनलाईन कार्रवाई नहीं की जा सकी है। आपके द्वारा समर्पित हार्ड कॉपी का प्रमण्डलीय स्तर पर जॉच की गई जिसमें निम्नांकि त्रुटियॉ पायी गई हैः—

1. आपके द्वारा समर्पित भूमि विवरण में मौजा—सरिता में अधिसूचित वन भूमि का प्लॉट संख्या 5448 एवं जंगल—झाड़ी भूमि का मौजा— सरिता का प्लॉट संख्या 5484, मौजा— कुलबुरू का प्लॉट संख्या— 2260 एवं मौज—टाटी का प्लॉट संख्या—3506 दर्शाया गया है। परन्तु आपके प्रस्ताव में संलग्न अंचल

अधिकारी, कामडारा का पत्रांक 207 दिनांक 19.07.2017 में प्रतिवेदित भूमि के विवरण में उपरोक्त भूमि का विवरण नहीं दिया गया है।

2. आपके द्वारा समर्पित हार्ड कॉपी में उपायुक्त, गुमला द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत वन भूमि एवं जंगल–झाड़ी भूमि का FRA प्रमाण–पत्र एवं जंगल–झाड़ी भूमि का अनापत्ति समर्पित नहीं किया गया है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित त्रुटियों का शीघ्र निराकरण करते हुए वांछित अभिलेख इस कार्यालय को उपलब्ध करायें साथ ही यह भी सुनिश्चित करें की आपका प्रस्ताव ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित हो।

आपका विश्वासी

30/1/18

वन संरक्षक,
गुमला वन प्रमण्डल, गुमला।

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
झारखण्ड सरकार

Phone no. 06524-223003 (office)
e-mail :- dfogumla@yahoo.in 9470193849 (Mob.)
8987790115 (Mob.)

# कार्यालयः— वन संरक्षक, गुमला वन प्रमण्डल, गुमला।

पत्रांक 10.00 / दिनांक 18/4/17

सेवा में,

श्री राकेश कुमार,
प्रबंधक (निर्माण)
गेल (इण्डिया) लिमिटे, डोरण्डा
राँची।

विषयः— फुलपुर (उ0प्र0) से हल्दिया (प0 बंगाल/धमरा (उड़ीसा) तक गैस पाईप लाईन के संबध में।

प्रसंग :— आपका पत्रांक — GAIL/RANCHI/RAPL/forest/2/2016/R1 दिनांक 28.02.2017

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा फुलपुर (उ0प्र0) से हल्दिया (प0 बंगाल/धमरा (उड़ीसा) तक गैस पाईप लाईन निर्माण के क्रम में गुमला वन प्रमण्डल के तहत सम्मिलित ग्रामों का मौजावार, प्लॉटवार विवरण एवं कैडस्ट्रल मैप समर्पित किया गया है। आपके द्वारा समर्पित ग्रामों का मौजावार, प्लॉटवार विवरण का प्रमण्डलीय अभिलेख से मिलान किया गया जिसकी विवरणी निम्नवत् है :—

| क्र0सं0 | मौजा का नाम | थाना संख्या | प्लॉट नं0 | रकबा (एकड़ में) | अभियुक्ति। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सरिता | 1 | 4876/5448 | 0.22 | अधिसूचित वन भूमि |
| 2 | सरिता | 1 | 4884/5484 | 0.74 | संभावित जंगल झाड़ी |
| 3 | कुलबुरू | 4 | 2260 | 2.80 | संभावित जंगल झाड़ी |
| 4 | टाटी | 7 | 3506 | 0.88 | संभावित जंगल झाड़ी |
| 5 | खिजरी | 3 | — | 0.00 | शून्य |
| 6 | रामपुर | 9 | — | 0.00 | शून्य |

क्रम सं0 2,3, एवं 4 से सम्बन्धित भूमि प्रमंडलीय अभिलेखों से जंगल—झाड़ी किस्म की भूमि जान पड़ती है। परन्तु इसकी अधिकारीक पुष्टि Land revenue department द्वारा ही की जा सकती है।

अतः आप सम्बन्धित अँचलाधिकारी से सम्पर्क कर गैस पाइप लाईन निर्माण योजना में पड़ने वाली उपरोक्त भूमि का Nature प्राप्त कर प्रस्तुत करें एवं तदोनुरूप वन संरक्षण अधिनियम के तहत प्रस्ताव समर्पित करें।

आपका विश्वासी

18/4/17

वन संरक्षक,
गुमला वन प्रमण्डल, गुमला।